हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 मार्च 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 मौसम की मार : लगातार इस वर्ष भी प्रकृति ने छीनी...



07 गणगौर पूजकर मांगा अखंड सुहाग हर्षोउल्लास...



## खबर संक्षेप

### भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन

**सागर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल है। इच्छुक आवेदक वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है।

### दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

**सागर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाने वाले राहवीरों को प्रोत्साहन राशि और सम्मान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की पीएम राहवीर योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना और मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को तुरंत अस्पताल पहुँचाता है, तो उसे प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही मदद करने वाले व्यक्ति से अनावश्यक पूछताछ नहीं की जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय या संकोच के आगे आकर मानवता का परिचय दे सकें। कलेक्टर संदीप जी आर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं सड़क दुर्घटना दिखाई दे तो घायल व्यक्ति की मदद अवश्य करें और उसे शीघ्र अस्पताल पहुँचाने में सहयोग करें। आपकी तत्परता किसी के परिवार की खुशियां बचा सकती है। प्रशासन का कहना है कि यह योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक जीवनरक्षक पहल है और समाज में संवेदनशीलता व सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है।

### गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने रखे सकोरे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिलेवासियों से अपील की है कि आप भी अपने घरों, प्रतिष्ठानों, दफ्तरों में पक्षियों के लिए सकोरे रखें, जिससे वे अपनी प्यास बुझा सकें। ग्रीष्म ऋतु में पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर ने मिट्टी के सकोरे रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम आते ही तपन बढ़ जाती है और अधिकांश नदी-नाले भी सूख जाते हैं। इस स्थिति में बेजुबान पक्षी भी पानी की तलाश में भटकते हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर के द्वारा मिट्टी के सकोरे सभी कार्यालयों में रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से घरों, प्रतिष्ठानों एवं वृक्षों पर भी सकोरे लगाने की अपील की है। लोग मिट्टी के पात्र में प्रतिदिन पानी भरें, जिससे पक्षियों की भी प्यास बुझेगी और उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा समागम में उत्कृष्ट कार्यों की सराहना

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा समागम में प्रदेश भर के सभी सदस्यों द्वारा आपदा एवं आपात स्थितियों में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना के दौरान त्वरित कार्रवाई कर जन-धन की हानि को कम करने में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के सदस्य प्रभावी योगदान दे रहे हैं, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। समागम के दौरान नागरिक सुरक्षा सदस्यों द्वारा विभिन्न आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से संबंधित डेमो प्रदर्शन किया गया। इसमें आतंकवादी घटना से निपटने, बाढ़ आपदा में राहत कार्य, ऊंचे भवनों से घायलों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार प्रदान करने तथा आत्मरक्षा के उपायों का सजीव प्रदर्शन शामिल रहा। इन प्रस्तुतियों ने आपदा प्रबंधन में उनकी दक्षता और तत्परता को प्रदर्शित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्यों को डेस वितरित की तथा नागरिक सुरक्षा से संबंधित पुस्तक का विमोचन भी किया।

**पत्नी के सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल ले जा रहा था पति, ससुराल को किया फोन और हो गया एक्सिडेंट**

# कार में जिंदा जल गई पत्नी, डॉक्टर पति समेत 3 सुरक्षित, परिजनों ने कहा- हादसा नहीं साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर-दमोह मार्ग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां चनाटोरिया टोल प्लाजा के पास एक महिला कार में जिंदा जल गई, जबके हादसे में पति व तीन अन्य लोग सुरक्षित हैं। प्रारंभिक जानकारी में इसे सड़क हादसा बताया जा रहा है पर महिला के परिजनों ने इसे हादसा नहीं साजिश करार दिया है। घटना तड़के 4 बजे की बताई जा रही है।

### ससुराल को फोन पर बताया अस्पताल जा रहे हैं

दरअसल, सागर गढ़ाकोटा में रहने वाले डॉ. नीलेश कुर्मी ने देर रात अपने ससुराल में फोन लगाया और बताया कि उसकी पत्नी सीमा (35) की तबीयत खराब है और उसे सीने में दर्द की शिकायत है। इसलिए सागर के एक निजी अस्पताल पहुंच रहे हैं।

बहन की तबीयत खराब होने की बात सुनकर भाई परिजनों के साथ सागर के लिए निकला ही था कि बीच रास्ते में खबर मिली कि चना टोरिया टोल प्लाजा के पास कार का एक्सीडेंट हो गया है और कार में आग लग गई। महिला के परिजनों ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो कार में मौजूद डॉक्टर और उनके दो साथी सुरक्षित बच गए लेकिन डॉक्टर की पत्नी कार में जिंदा जल गई।



### हादसा और साजिश में उलझा मामला

महिला के भाई का आरोप है कि उनकी बहन और डॉक्टर पति के बीच झगड़े होते रहते थे और यह कोई सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि एक साजिश है और साजिश के तहत उनकी बहन को मारा गया है। वहीं, सानोधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया तड़के करीब 4 बजे सूचना मिली थी कि चना टोरिया टोल प्लाजा के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की, तो गढ़ाकोटा के डॉक्टर नीलेश पटेल की कार थी। कार में आग लग गई थी और कार में सवार डॉक्टर और उनके दो परिचित लोग कार से निकलने में कामयाब रहे। लेकिन डॉक्टर नीलेश कुर्मी की पत्नी सीमा कुर्मी कार से नहीं निकल पाईं। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और महिला की उसमें जिंदा जलकर मौत हो गई।

### सीमा के परिजनों को हत्या की आशंका

घटनास्थल पर पहुंचे मृतका सीमा कुर्मी के भाई लोकेश पटेल ने इसे हादसा नहीं, बल्कि सोची समझी साजिश बताया है। सीमा जूना गांव की रहने वाली थी और उसकी शादी सिमरिया के रहने वाले नीलेश कुर्मी के साथ हुई थी, जो गढ़ाकोटा में रहता थ। लोकेश पटेल ने कहा देर रात को नीलेश का फोन आया कि तुम्हारी बहन को सीने में दर्द की शिकायत है और हम सागर में मकरोनिया लेकर पहुंच रहे हैं। सूचना मिलते ही हम लोग सागर के मकरोनिया के लिए रवाना हो गए। लेकिन आधे रास्ते में फिर फोन आया कि चना टोरिया के पास एक्सीडेंट हो गया है। जब हम लोगों ने घटनास्थल पर जाकर देखा, बहन कार में जल चुकी थी।बहन मां को बताती रहती थी कि पति से झगड़ा होता है. हमें आशंका है कि साजिश रच कर बहन की हत्या की है क्योंकि घटनास्थल पर किसी तरह के हादसे के निशान नहीं है और तीनों लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं। जबकि मेरी बहन कार में ही रही और जल कर मर गई।

### क्या कहना है पुलिस का?

थाना प्रभारी भारत सिंह ठाकुर ने बताया मामला हादसा या साजिश है, इसकी जांच की जाएगी। फिलहाल फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच की जा रही है। जांच के बाद बहुत कुछ सामने आएगा कि यह वाकई में सड़क दुर्घटना है या जैसा कि मृतका के परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं, उस तरह की कोई साजिश है। फिलहाल मृतका सीमा का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है और जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

## चमत्कारिक सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ मां ज्वाला देवी, दूर-दूर से मनोकामना लेकर आते हैं श्रद्धालु



**खुरई।** भारत देश के अनेक सिद्ध शक्ति पीठों में से एक अदभुत सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ ज्वालादेवी जी का मंदिर खुरई से 29 किमी दूर ग्राम जलंधर में स्थित है। शक्ति पीठ पर अति प्राचीन देवी जी की प्रतिमा की कृति एवं भव्यता आश्चर्य चकित करती है। लगभग साढ़े तीन फीट ऊंची मां देवी ज्वाला देवी जी की मूर्ति पद्मासन मुद्रा में दो शेरों पर सवार हैं। मां के पीछे चक्र है, तथा शरीर के तीनो ओर विभिन्न मुद्राओं में नौ देवियों के चित्र अंकित हैं। दूर से स्पष्ट ज्ञात होता है कि यह एक सिद्ध तांत्रिक शक्ति पीठ है। मूर्ति के बांयी ओर श्री गनेश जी की विलक्षण प्रतिमाएं हैं, जिनमें गनेश जी की दाहिनी जांघ पर रिद्धी-सिद्धी सुशोभित हैं। बाजू में ज्वाला देवी जी की नवीन मूति प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 1987 में कराकर स्थापित की गई है। मंदिर के पास ही नीचे हनुमान जी का मंदिर है, उसमें नीचे काल भैरव की विलक्षण एवं भव्य प्रतिमा स्थापित है। यह शक्ति पीठ विलक्षण आश्च्यजनक चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। जनश्रुति के अनुसार यहां पहले एक गांव बसा था, जिसमें सात सौ शंखो का नाद होता था। वैसे फूटे हुए मिट्टी के बर्तन शंख के टुकड़े यत्र तत्र पड़े मिल जाते हैं। बाद में यह जंगल के रूप में परिवर्तित हो गया। एक किमी की दूरी पर छत्रसाल महाराज की अटारी अवशेष रूप में है। जनश्रुति के अनुसार महाराज छत्रसाल प्रत्येक नवरात्रि में यहां आकर मां की उपासना करते थे। इसी क्षेत्र में मजीरा बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्थान है। यहां पर पत्थरों को आपस में ठोकने से मंजीरों जैसी मधुर आवाज निकलती है। यहां पर चमत्कारी स्थल सोठ वाला कुण्ड तलैया है। वहां पर एक पत्थर की शिला पड़ी थी, समझा जाता है कि महाराजा छत्रसाल इस शिला पर स्नान करने आते थे। पत्थर की विशेषता है कि बिना साबुन के कपड़े धोने पर साफ हो जाते हैं। मात्र अवशेष मिलते है। सर्वे से बहुत सी जानकारी हासिल कर प्राचीन इतिहास को ज्ञात किया जा सकता है। पौराणिक दृष्टि से जिस समय दक्ष प्रजापति के यज्ञ में सती ने अपने शरीर की आहूति दी थी उस समय भगवान श्री शिवशंकर ने अधजले शरीर को लेकर मंत्र-तंत्र भ्रमण किया था। सती के जहां-जहां शरीर के अंग गिरे वे सभी सिद्ध शक्ति पीठ के नाम से प्रसिद्ध हुए। श्रद्धालुओं का जमघट साल भर एवं क्वांर की नवरात्रि एवं चैत्र की नवरात्रि में विशेष जन सैलाव उमड़कर अपनी मनोकामना पूर्ण हेतु माँ ज्वाला देवी के दर्शन करने आते हैं।



## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26: निगमायुक्त ने कटरा बाजार में स्वच्छता व्यवस्था का किया निरीक्षण

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा कटरा बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त खत्री ने कटरा बाजार के दुकानदारों से संवाद करते हुए उन्हें "सागर नगर मित्र" के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर मित्र अपने प्रतिष्ठान के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा अन्य लोगों को भी गंदगी फैलाने से रोकें और जागरूक करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता बनाए रखने में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है, तभी शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर स्थान प्राप्त हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सभी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने, सूखे एवं गीले कचरे को पृथक-पृथक एकत्र कर नगर निगम की कचरा गाड़ियों को देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अमानक पॉलिथीन के उपयोग को पूर्णतः बंद कर कपड़े अथवा जूट के थैलों के उपयोग को अपनाने की अपील की।

## आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से फसलें तबाह खेतों में भरा पानी, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के गढ़ाकोटा तहसील में शुक्रवार शाम मौसम ने अचानक करवट लेते हुए किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज हवाओं, भारी बारिश और ओलावृष्टि ने कई गांवों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। गढ़ाकोटा तहसील के साथ-साथ केकरा, रेगुवा, घोनो, खेजरा, चरखारी और खिरिया खवास सहित आसपास के गांवों में तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरे। अचानक बदले इस मौसम ने कुछ ही समय में खेतों का मंजर बदल दिया। जहां कुछ देर पहले तक फसलें लहलहा रही थीं, वहीं अब खेतों में पानी भर गया है और फसलें जमीन पर बिछी नजर आ रही हैं।

बताया जा रहा है कि रबी सीजन 2026 की चना फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थी। लेकिन बेमौसम बारिश और जलभराव के कारण फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई खेतों में



पानी भर जाने से चना खराब होने की आशंका है, जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। वहीं गेहूं की फसल, जो कुछ ही दिनों में कटने वाली थी, तेज हवाओं और बारिश के चलते आड़ी हो गई है। इससे कटाई में दिक्कतें आएंगी और उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। स्थानीय किसानों का कहना है कि इस बेमौसम बारिश ने उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कई किसान अब प्रशासन से फसल का सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। मौसम के इस अचानक बदलाव ने एक बार फिर किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जहां एक ओर वे अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे थे, वहीं अब नुकसान का डर सता रहा है। फिलहाल प्रशासन द्वारा स्थिति का जायजा लिया जा रहा है और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। किसान उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार जल्द राहत देगी, ताकि उन्हें इस संकट से उबरने में मदद मिल सके।



## गले मिलकर दी ईद की शुभकामनाएं कहां अल्लाह आपकी इबादत कबूल करें

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने ईदगाह पहुचकर ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महेश जाटव ने कहा कि अल्लाह आप सभी को रहमतों से नमाजे एवं आपकी इबादत कुबूल फरमाए और खुशियों का नया सवेरा लाये। महेश जाटव ने दुआ करते हुए कहा कि सभी पर जीवन में सुख शांति भाईचारा और खुशहाली कायम रहे ईद ही वह पर्व है जो अनेकता में एकता को जोड़ने का काम करतीं हैं। इस मुबारक मौके पर पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, अमित राम जी दुबे, मुकुल पुरोहित, जिला संगठन महासचिव रामकुमार पचौरी, प्रदीप गुप्ता, एड अंकलेश्वर दुबे, राकेश राय, सेवा दल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, राहुल चौबे, आनंद हेला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, लीलाधर सूर्यवंशी, दीनदयाल तिवारी, महेश अहिरवार, अजय सिंह राजपूत, वसीम खान, जाहिद ठेकेदार, गब्बर पठान, गोपाल प्रजापति आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

## हमें अपने त्योहार को शांति और सामाजिक सद्भावना के साथ मनाना चाहिए: डॉ सरस

**सागर।** यह नवदुर्गा का पर्व शारीरिक और मानसिक शुद्धि के साथ ही ऋतु परिवर्तन के समय स्वास्थ्य रक्षा भी करता है। हिंदू धर्म में यह नारी शक्ति का एक दिव्य ऊर्जा की आराधना का महापर्व है, नवदुर्गा की उपासना हमें आत्मशक्ति, धैर्य और साहस के साथ जीवन में आने वाली बधाओं से पार पाने की प्रेरणा देती है। नवरात्रि में भक्तगण 9 दिनों तक सात्विक व्रत करते हैं जिसमें प्याज, लहसुन और तामसिक भोजन त्याग कर सात्विक आहार ग्रहण करते हैं यह उपवास आदमी के शरीर मन और आत्मा को शुद्ध करने का एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक अवसर होता है। यह उपवास शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। नवदुर्गा का हिंदू धर्म में बहुत बड़ा महत्व है हमें अपने त्योहार को शांति और सामाजिक सद्भावना के साथ मनाना चाहिए। यह बात बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी 'सरस' ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1627 वीं और ऑनलाइन 305 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुए संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से डॉ. करूणा ठाकुर ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की।

## बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एचपीवी टीका करण अभियान: कलेक्टर संदीप जी आर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अभिभावकों से अपील है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति में न आएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी बेटियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवावें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से 14 से 15 वर्ष आयु की बेटियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। जिले में बेटियों को उत्साहपूर्वक यह टीका लगाया जा रहा है।




## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करवाई

**खुरई।** प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन के द्वितीय दिवस में आज खुरई नगर के मध्य स्थित प्राचीन जल स्त्रोत जो कि ( अम्मा बावड़ी ) के नाम से पहचान को बनाए हुए है, आज उक्त जल स्त्रोत ( बावड़ी ) की एवं आसपास के क्षेत्र की बेहतरी से साफ सफाई करवाई गई । आसपास उगी झाड़ियों खरपतवार को निकलवाया गया एवं बावड़ी के चारो ओर निर्मात बाउंड्री वॉल पर पेंटिंग रंग रोगन कार्य करवाया गया। मप्र शासन द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में 19 मार्च से शुरू हुए इस प्रदेश व्यापी 100 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खुरई नगर के प्रत्येक जल स्त्रोतों, जल संरचनाओं जलाशयों जिनमें छोटे बड़े तालाब, कुआं, बावड़ी, प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं समस्त प्रकार के जल उद्गमों के क्षेत्रों को संरक्षित संवर्धित और सुरक्षित रखने की दिशा में निरंतर कार्य किया जायेगा। जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में खुरई नगर पालिका ने इस दिशा में कार्य आरम्भ कर दिया गया है। नगर पालिका की आईईसी टीम सफाई मित्रों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों समाजसेवी नागरिकों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, स्थानीय नागरिकों में इस अभियान को लेकर उत्साह देखने मिल रहा है,महिलाओं बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भी इस अभियान में श्रमदान करते हुए सहभागिता निभाई जा रही है। सीएमओ राजेश मेहतेले सहायक यंत्री अविनाश रावत एवं उपयंत्री शैलेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों आईईसी टीम सदस्यों को इस अभियान को व्यापक स्तर पर बेहतरी से संचालित करने जल संरचनाओं, जल स्त्रोतों और जलाशयों के संरक्षण, संवर्धन और प्रमुखता से रखरखाव करने के निर्देश दिए हैं।

**गजरथ फेरी के साथ पंच कल्याणक का समापन, मंदिर में विराजे भगवान**

# नदियों की तरह बहते रहते हैं दिगम्बराचार्य: आचार्य विशुद्ध सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

कच्चे चावल ही ऊपर नीचे होते है, पके हुए नहीं होते है। इसी प्रकार जिन देव भी धीरे धीरे जन्म से मरण को दूर करके देवत्व को प्राप्त होते है।आपने सामोशरण देखा होगा। जिसको जिसकी प्रिया अपनी सोमनी देखता है वहीं ठहर जाता है। नन्हा सा बछड़ा अपनी माँ गाय का ही आँचल पकड़ता है। ऐसे ही एक योगी अपनी आत्मा को पहचानता है। आंनद प्रारम्भ हो जाता है। आधार करण आवृत्ति करण चूल्हे पर बैठ जाओ जो होगा अंदर ही होना है।रोटी पकाने का काम चूल्हा कर्ता है ऐसे ही अपनी आत्मा को पकाना है। ससुराल का द्वार दिख गया अब तो वधु मिलेगी ही मिलेगी। बेर की गुठली में से दल मिल गया। जैसे ही मोक्ष हुआ आदिनाथ परमात्मा में लीन होकर कैलाश पर्वत पर पहुंच गये। अरहनत अवस्था में भी कालीमा है। घाती का क्षय हो गया आघाती का नहीं।

सम्पूर्ण देश में मुनियों का विहार हो रहा था।



अगर नदियाँ एक स्थान पर ठहर जाएगी तो देश में सूखा पड़ जायेगा। इसी प्रकार योगी मुनिराजो को भी सतत प्रवास विहार करते रहना चाहिये नहीं तो धर्म भ्रष्ट हो जायेगा। कैसे जन्म लिया जाता है और किया जाता है, ये तो सब जानते है। लेकिन प्रभुता को मोक्ष को कैसे पाना है ये केवल जिन धर्म जनता माँ बेटे को बाहर जाने पर कलेवा रखती है। अलमारियों में कपड़ा नहीं जिनवाणी रखनी है जो तुम्हारे तन की नहीं आत्मा को शुद्ध करती है। जो जिनवाणी पड़े वह श्रीमान होता है पहले मन्दिर चलो पूजा करो फिर भोजन करेंगे जो वस्तु अच्छी लगती है उसे छोड़ना नहीं अंध घोंटक न्याय है सभी मंदिरों और वेदियों के दर्शन करना है। यह प्रवचन आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी द्वारा गढाकोटा में धर्म सभा में लोगों को बताए गए।

प्रवक्ता विक्की जैन ने बताया कि शनिवार प्रातः नित्य पूजन अभिषेक और आदिनाथ भगवान का मोक्ष हुआ। श्रीजी की रथयात्रा गजरथ परिक्रमा निकली। भगवान को वेदी में विराजमान किया गया,अंतिम दिवस पर मोक्ष दिवस पर अपार श्रद्धांलु बड़ी संख्या में पटेरिया जी में पहुंची।वहीं नगर परिक्रमा में पूर्व मंत्री विधायक गोपाल भार्गव ने निज निवास पर यात्रा की अगवानी करते हुए आचार्य भगवान का आशीर्वाद लिया। शोभा यात्रा में सभी पात्र और समाज जन ने भक्ति भाव से जुलुस निकाला। प्रवक्ता विक्की जैन ने बताया कि आचार्य श्री विशुद्ध सागर ने घुवारा में होने वाले पंच कल्याणक के लिए विहार किया। रात्रि विश्राम बांसा पथरिया में करेंगे, सुबह विहार करते हुए ग्राम सूखा में आहार चर्या होगी।

## आसमानी आफत ओलावृष्टि व बारिश से बर्बाद हुई गेहूं की खड़ी फसल

# मौसम की मार : लगातार इस वर्ष भी प्रकृति ने छीनी किसानों की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिस फसल को किसान ने आशान्वित होकर खून-पसीने से सींचा, और वही फसल जब पकने पर आई तब कटाई से पहले ही आसमानी आफत गिरने के चलते खेतों में बिछ गई। लगातार इस वर्ष भी ओलावृष्टी व आफत की बारिश रूपी प्रकृति की मार के बाद अब किसान की नजर सरकार की मदद पर टिकी है। जिले के किसानों पर एक बार फिर मौसम की मार विपदा बनकर टूटी है।



लगातार दूसरे वर्ष बेमौसम बारिश, तेज हवाओं और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल जहां तेज हवाओं से जमीन पर गिर गई, वहीं कटाई के बाद थ्रेसिंग के लिए रखी फसल भी बारिश में भीग गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है। पिछले 24 घंटों में जिले के मौसम में अचानक बड़ा बदलाव देखने को मिला। तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल को हुआ। मोहनगढ़ तहसील में सर्वाधिक लगभग 30 मिलीमीटर और एक इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई।

वहीं खरगापुर में एक इंच से कम वारिश हुई। जबकि टीकमगढ़ और पलेरा में लगभग आधा इंच वर्षा हुई, इसके अलावा बल्देवगढ़ और बड़ागांव धसान में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। तीन दिनों में दिन के तापमान में लगभग 6 डिग्री की गिरावट आई है। शुक्रवार की सुबह घने कोहरे से हुई, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई। पीड़ति किसानो ने बताया कि तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई है, जिससे कटाई करना भी मुश्किल हो जाएगा। वहीं जो फसल कटकर थ्रेसिंग के लिए रखी थी, वह भी भीग गई है। उन्होंने आशंका जताई कि भीगने से गेहूं के दानों की चमक खत्म हो जाएगी और दाने काले पड़ सकते हैं, जिससे बाजार में सही दाम नहीं मिल पाएगा।

किसानों का कहना है कि पिछले साल भी इसी तरह बेमौसम बारिश से फसल खराब हुई थी और इस साल भी वही स्थिति बन गई है। लगातार दो साल से फसल खराब होने से किसानों की आर्थिक स्थिति पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

मौसम विभाग के अनुसार अब मौसम साफ रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, लेकिन एक दिन के बदले हुए मौसम की वजह से किसानों का नुकसान हो चुका है। खेतो में खड़ी हुई गेहूं की फसल तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि के चलते जमीन में बिछ गईं और कटी हुई फसल बारिश में भीग गईं जिससे फ़सल के दाने काले पड़ने का खतरा बन गया है जिससे बाजार में कम दाम मिलने की आशंका हो जाने और लगातार दूसरे साल फसल खराब होने से पीड़ित किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अगर समय पर सर्वे और मुआवजा नहीं मिला तो किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

## नपा अध्यक्ष मामले में हाईकोर्ट सख्त, 10 दिन में दें जांच रिपोर्ट

# मलिक को राहत नहीं पर प्रशासन भी बंध गया समयसीमा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




प्रशासनिक तौर पर नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के अध्यक्ष के खिलाफ चल रही कार्रवाई के मामले में जबलपुर उच्च न्यायालय ने ऐसा रोचक आदेश सुनाया है कि एक तरफ नपाध्यक्ष को कोई राहत भी नहीं दी लेकिन दूसरी तरफ प्रशासन को भी समयसीमा के बंधन में बांध दिया। जबलपुर हाईकोर्ट में नपाध्यक्ष द्वारा लगाई गई पिटीशन का निर्णय सुनाते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि जांच रिपोर्ट की प्रति देने के संबंध में 10 दिनों के भीतर निर्णय लिया जाए। हाई कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता द्वारा दिया गया आवेदन लंबित नहीं रखा जा सकता। यह आदेश नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक द्वारा जबलपुर हाईकोर्ट में लगाई गई पिटीशन को लेकर 18 मार्च को जारी किया गया।

उक्त मामले में याचिकाकर्ता नपाध्यक्ष मलिक का आरोप है कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 41-ए के तहत 26 फरवरी 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया और 9 आरोप लगा दिए गए, लेकिन जिस जांच रिपोर्ट के आधार पर नोटिस जारी हुआ, उसकी प्रति ही उपलब्ध नहीं कराई गई। याचिकाकर्ता मलिक का कहना था कि बिना जांच रिपोर्ट देखे जवाब कैसे दिया जाए, यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है। जिस पर राज्य शासन की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता मलिक ने शहरी विकास एवं आवास विभाग, भोपाल में जांच रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया है और उस आवेदन पर 10 दिन के भीतर निर्णय लिया जाएगा। हाईकोर्ट ने सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

कानूनी जानकार वरिष्ठ वकील अनिल त्रिपाठी ने पूछने पर बताया कि इस आदेश का सीधा मतलब है कि शासन को 10 दिन में निर्णय लेना ही होगा कि याचिकाकर्ता मलिक को जांच रिपोर्ट देने के लिए लिखित आदेश देना पड़ेगा। और अगर जांच रिपोर्ट नहीं दी जाती है तो उक्त मामला पुनः हाईकोर्ट जा सकता है। और तब हाईकोर्ट कोई सख्त आदेश भी दे सकता है। यह मामला सीधे तौर पर नगर पालिका के अध्यक्ष पद से हटाने की कार्रवाई से जुड़ा है। लेकिन उक्त आदेश को लेकर मजेदार बात ये है कि एक तरफ तो याचिकाकर्ता नपाध्यक्ष मलिक द्वारा उक्त आदेश को राहत मिलने के रूप में बताया जा रहा है तो दूसरी तरफ नगर पालिका में विपक्ष द्वारा उक्त मामले को लेकर कहा जा रहा है कि उक्त आदेश नपाध्यक्ष के लिए कोई राहत नहीं है बल्कि नुकसानदेह ही है।



## पुलिस की चाक चौबंद रही व्यवस्था

# अमन-चैन के साथ अदा हुई ईद की नमाज तरक्की और खुशहाली की मांगी दुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में ईद का त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही शहर की ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी रही। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

ईद के मौके पर शहर के बाजारों में सुबह से चहल-पहल देखने को मिली। लोगों ने सेवइयां, मिठाई, कपड़े और अन्य सामान की खरीदारी की। बच्चों और युवाओं में ईद को लेकर खासा उत्साह नजर आया। ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार इसी भावना के साथ मनाया गया, जो जिले की गंगा-जमुनी संस्कृति और सामाजिक एकता की मिसाल है। ईद के त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील इलाकों और ईदगाह के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस द्वारा लगातार गश्त की गई, जिससे पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रही और नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अंजुमन कमेटी और ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की सराहना की।

कमेटी पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई और पुलिस बल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की बेहतर व्यवस्था और सक्रियता के कारण नमाज के दौरान अकीदतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# आसमानी कहरः खेत में गिरी बिजली, चाची भतीजा झुलसे

## बारिश आंधी के बीच खेत में कर रहे थे काम, एक की हालत गंभीर होने पर किया रैफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

■ जतारा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुहारा की घटना

जिले में मौसम का बदला मिजाज अब आपदा बनकर सामने आ रहा है। एक पल में गिरी बिजली ने खेत को हादसे में बदल दिया। खेत में मेहनत करने गई चाची भतीजे को आसमानी आफत ने जिंदगी की जंग लड़ने अस्पताल पहुंचने पर मजबूर कर दिया। जहां एक की हालत गंभीर बनी रहने की बजह से रेफर कर दिया गया है। जतारा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुहारा में शुक्रवार रात आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला और उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त हादसे के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। दोनों घायलों को देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से भतीजे की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को अचानक मौसम बदला और तेज बारिश, आंधी और गरज-चमक शुरू हो गई। ग्राम मुहारा में चाची और भतीजा खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली उन पर गिर गई, जिससे दोनों झुलस गए और खेत में ही गिर पड़े।



घटना के बाद गांव के लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। ड्यूटी डॉक्टरों के अनुसार घायल महिला की हालत फिलहाल स्थिर है, जबकि भतीजे भागचंद कुशवाहा की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। लगातार बदलते मौसम और आकाशीय बिजली की घटनाओं से ग्रामीणों में डर बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खुले खेतों, ऊंचे पेड़ों या बिजली के खंभों के पास खड़े न रहें।

विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम परिवर्तन के समय आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं अधिक होती हैं, इसलिए इस दौरान सावधानी बरतना ही सबसे बड़ा बचाव है। आकाशीय बिजली से बचाव के उपाय बताते हुए कहा गया कि खराब मौसम होने पर खुले खेत में काम न करें, पेड़ के नीचे खड़े न हों, मोबाइल फोन का उपयोग खुले में न करें और बिजली के खंभों और तारों से दूर रहें। साथ ही अगर संभव हो तो सुरक्षित भवन में शरण लेने का प्रयास करें।

## थाना देहात पुलिस ने बड़ौरा घाट क्षेत्र में की कार्रवाई

# पुलिस का लगातार सख्त एक्शन जुआ खेलते 7 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी त्योहारों के मद्देनज़र जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में थाना देहात पुलिस ने बड़ौरा घाट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर जुआ खेलते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 68 हजार 800 नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध जुआ गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत थाना देहात में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने स्पष्ट कहा है कि त्योहारों के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस लगातार निगरानी कर रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### बस ड्राइवर पर लाठी डंडे से हमला किया

ललितपुर। जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरियावंसा में स्कूल बस ड्राइवर पर दो स्थानीय युवकों ने दिनदहाड़े लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। हमलावरों ने बस ड्राइवर को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की पीठ पर गहरी चोटें आई हैं। मामले में एफआईआर दर्ज की। पीड़ित गजराज पुत्र प्रीतम यादव बुंदेलखंड इंटर कॉलेज की स्कूल बस चलाते हैं। 16 मार्च को शाम करीब 5 बजे बच्चों को घर छोड़कर बस लौटा रहे थे। ग्राम पिपरियावंसा के पास निक्की यादव पुत्र अनन्तराम यादव और आनंद यादव पुत्र भजन यादव ने बस रोकने की कोशिश की। बस नहीं रोकी तो गाली गलौज की।

## ईद पर सड़क पर उतरे एसपी मंडलोई, शहर का किया भ्रमण

# बच्चों को चॉकलेट देकर दिया सद्भाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कोतवाली थाना परिसर में मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों एवं धर्मावलंबियों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की और सभी को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ की सामाजिक एकता और पारंपरिक सौहार्द ही जिले की सबसे बड़ी पहचान है, जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान एसपी मंडलोई ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनके साथ आत्मीय संवाद किया। इस पहल से त्योहार की खुशियां और बढ़ गईं तथा पुलिस और आमजन के बीच विश्वास और संवाद का सकारात्मक संदेश गया। ईद को देखते हुए जिलेभर में पुलिस बल तैनात रहा और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने लगातार पेट्रोलिंग कर स्थिति का जायजा लिया, जिससे पूरे जिले में त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रविभूषण पाठक सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




### खजरा में खेत विवाद पर भाई का सिर फोड़ा

ललितपुर। बार थाना क्षेत्र के ग्राम खजरा में बुधवार को खेत में गेंहू बांध रहे युवक पर पड़ोसी ने भैंसों के घुसने के विवाद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक के सिर पर चोटें पहुंचाईं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार सदमे में है। मामले में बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीडित राघवेन्द्र पुत्र स्व. रामनाथ यादव ने शिकायत में बताया कि 19 मार्च को दोपहर 2 बजे उनका भाई पुष्पेन्द्र यादव खेत में गेंहू का पूरा बांध रहा था। इसी दौरान गांव के यादवेन्द्र पुत्र फूलसिंह अपनी भैंसें चरा रहा था। भैंसें बार-बार पुष्पेन्द्र के खेत में घुस रही थीं और फसल को नुकसान पहुंचा रही थीं।

## एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी

# बुलबुले हिंद मस्जिद में अदा हुई ईद-उल-फितर की नमाज, अमन-चैन और तरक्की की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बुलबुले हिन्द मस्जिद सहित जामा मस्जिद और ईदगाह मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए और ईद की नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी।



रमजान के पाक महीने में 30 दिनों तक रोजेदारों द्वारा रोजा रखा गया और कुरान की तिलावत की गई। ईद के दिन नमाजी घरों से सेवइयां खाकर नमाज के लिए निकले और रास्ते भर कलमा पढ़ते हुए ईदगाह और मस्जिदों तक पहुंचे। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में ईद को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

ईद के मौके पर कई स्थानों पर दरगाहों में गुलपोशी की गई और कब्रिस्तानों में जाकर मरहूमों के लिए दुआ की गई। वहीं जरूरतमंदों को जकात और फितरा देकर सेवा और सहयोग की मिसाल पेश की गई। कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई, जहां लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में ईद की रौनक देखने लायक रही। ईदगाह में हाफिज मुजीब सौदागर ने ईद की नमाज अदा कराई, जबकि बुलबुले हिन्द मस्जिद में मौलाना अतीकुर्रहमान ने नमाज मुकम्मल कराई। त्योहार को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मस्जिदों और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस टीम लगातार निगरानी करती रही, जिससे पूरे क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रही।

## ऑक्सीजन न मिलने से पिता की मौत पर बेटे का भावुक वीडियो वायरल

# *यह मेरे पिता की राख नहीं, सड़ चुके सिस्टम का है परिणाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सरकारी दावों में स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत है, लेकिन हकीकत में ऑक्सीजन के बिना लोग दम तोड़ रहे हैं। ग्राम उदयपुरा में एक पिता की चिता से उठते धुआं के बीच बेटे का वायरल भावुक वीडियो प्रशासनिक सिस्टम से सवाल करते हुए जवाब मांग रहा है।

जिले के जतारा जनपद अंतर्गत उदयपुरा गांव से स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली की ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिता की मौत से आहत बेटे के वायरल हो रहे भावुक अपील के वीडियो में बेटे ने आरोप लगाया है कि जतारा के सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं मिलने के कारण उनके पिता की मौत हो गई, जिसके बाद मृतक के बेटे का चिता के पास खड़े होकर बनाया गया भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



सोशल मीडिया पर उक्त वायरल वीडियो में मृतक के बेटे काशीराम ने अपने पिता की जलती चिता की राख दिखाते हुए रोते हुए कह रहे हैं कि साथियों, यह मेरे पिता की जो राख है, यह सरकार के सड़े हुए सिस्टम की भी राख है। क्योंकि इस विकास के दावो की राजनीति के बीच मेरे पिता की ऑक्सीजन न मिलने की बजह से मौत हो गईं।

अगर जतारा अस्पताल में ऑक्सीजन मिल जाता, तो मेरे पिता आज जिंदा होते। वीडियो में चिता के सामने बेटे की भावुक पुकार, सिस्टम पर करारा तमाचा के साथ साथ चिता के सामने खड़े बेटे की आंखों में आंसू और आवाज में गुस्सा साफ दिख रहा है। पिता की मौत से टूट चुके बेटे ने कहा कि आज उसके पिता की मौत हुई है, लेकिन कल किसी और के परिवार पर भी यही दुख टूट सकता है। पीड़ित काशीराम ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कागजों में स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत में अस्पतालों में ऑक्सीजन तक उपलब्ध नहीं है।

यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि क्या सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन की व्यवस्था नहीं है? क्या स्वास्थ्य विभाग सिर्फ कागजों में ही सुविधाएं दिखा रहा है? आखिर एक आदमी की जान की जिम्मेदारी किसकी है? अगर समय पर ऑक्सीजन मिल जाती, तो शायद एक परिवार उजड़ने से बच जाता। मृतक के बेटे काशीराम ने वीडियो में साफ कहा कि आज मेरे पिता गए हैं, और अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो कल किसी और के पिता जाएंगे। यह सिर्फ एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल है। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है।

### जांच की जाएगी...

जतारा अस्पताल में ऑक्सीजन की व्यवस्था है। इस वायरल वीडियो में जो आरोप लगाए गए है उसकी जांच की जाएगी।

ओपी अनुरागी, सीएमएचओ टीकमगढ़

### गणगौर उत्सव शुरू, जुटेगा आस्था का मेला

# गणगौर पूजकर मांगा अखंड सुहाग हर्षोउल्लास के साथ पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर सहित जिलेभर में शनिवार को सुहागिनी महिलाओं का प्रिय पर्व गणगौर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए ईसरजी-गणगौर माता बनाकर पारंपरिक वेशभूषा में पूजन किया। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने घर से निकलकर पूरे उत्साह के साथ ईसरजी और गणगौर की पूजा की और समारोह पूर्वक गीत भी गाए और पति की लंबी उम्र की कामना की।

शहर सहित जिलेभर में चैत्र शुक्ल तृतीया पर गणगौर पर्व पर अखंड सुहाग और इच्छित वर की कामना को लेकर महिला और युवतियों ने गणगौर पूजन किया। गणगौर पूजन के लिए शुक्रवार को ही महिलाओं ने सारी तैयार कर ली थी। महिलाओं ने बेसन, आटा व मैदा के मीठे गुणे बनाकर और ईसर-पार्वती की मिट्टी से प्रतिमा बनाकर और रंगों से सजाकर एक दिन पहले ही तैयार कर लिया था और फिर सुबह सजधकर गणगौर का पूजन किया। शाम को भी महिलाओं ने गणगौर को पानी पिलाने की रस्म निभाई। पानी पिलाने के दौरान हिलाओं ने देर रात तक खूब नाच-गाना किया।

उधर बडौदा स्थित राजा साहब के किले में पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी महल परिसर में राज घराने की परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया गया। गणगौर कार्यक्रम रानी पूर्णिमा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। पर्व के दौरान किला परिसर दिनभर आस्था और उत्साह से सराबोर रहा। पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजी महिलाओं ने लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से इस महोत्सव को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण के रूप में बूंदी से पधारे ख्यातिप्राप्त लोक कलाकारों एवं गायकों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही नगाड़ा और शहनाई की गूंज ने पूरे किला परिसर को प्राचीन राजसी युग की स्मृतियों से सराबोर कर दिया, मानो पुरातन परंपराएं एक बार फिर सजीव हो उठी हों।



**गणगौर मेला उत्सव शुरू**

गणगौर का त्योहार श्योपुर जिला मुख्यालय पर पांच दिवसीय होता है। पहले दिन महिलाएं गणगौर की पूजा विभिन्न मंदिरों पर ईसर-गणगौर बनाकर करती हैं इसके दूसरे दिन मंदिरों पर गणगौर (मूर्तियां) को सजाकर दर्शनों के लिए रखा जाता है।इसके बाद तीन दिनों तक गणगौर मेला की शुरुआत आनंदी माता मंदिर के पास आयोजित किया जाता है। यहां गणगौर को दर्शनों को लाया जाता है और विभिन्न प्रकार के स्वांग रचकर लोगों का मनोरंजन किया जाता है जिसे देखने के लिए दूर दराज गांवों से भी लोग आते हैं गणगौर के अंतिम दिन नगरपालिका की ओर सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है।



**अंचल में भी रही गणगौर पर्व की धूम**

राजस्थानी संस्कृति के रचे-बसे श्योपुर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी गणगौर द्वारा पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं ने सज-धज कर गणगौर पूजन किया। गणगौर पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह देखते बन रहा था। बड़ौदा, मानपुर, विजयपुर, वीरपुर, ढोढर, सोंईकलां, कराहल आदि कस्बों और गांवों में महिलाओं द्वारा महिलाओं का प्रिय और पसंदीदा गणगौर पर्व मनाया गया।

### ब्राह्मण समाज ने कोतवाली पहुंचकर एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा

# 24 घंटे में पुलिस ने नहीं ढूंढी बालिका तो आंदोलन करेगा ब्राह्मण समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के ब्राह्मण पाडा निवासी बालिका वर्षा के लापता हो जाने संबंधी मामले को लेकर शनिवार को ब्राह्मण समाज के लोगो ने कोतवाली पहुंचकर एक ज्ञापन एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता को सौंपकर बालिका को जल्द ही बरामद कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किए जाने की मांग की है। साथही यह अल्टीमेटम भी दे दिया कि 24 घंटे के भीतर पुलिस ने बालिका को ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द नहीं किया तो ब्राह्मण समाज धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होगा।

पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल के नाम दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ब्राह्मण पाडा निवासी बालिका वर्षा गौतम गत 16 मार्च को अचानक लापता हो गई। जिसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई।इसके बाद परिवार और ब्राह्मण समाज के लोगो ने पुलिस प्रशासन इस मामले में जल्द कार्रवाई करते हुए बालिका को ढूंढने का आग्रह किया गया। पहले तो हमे लगा कि पुलिस हमारा सहयोग कर रही है। जिससे हमें उम्मीद भी थी कि बालिका जल्द मिल जाएगी,लेकिन आज तक भी बालिका को नहीं ढूंढना यह दर्शा रहा है कि पुलिस का रवैया अब पीडित परिवार के प्रति सहयोगात्मक नहीं रहा है तथा ऐसा भी प्रतीत हो रहा है कि पुलिस अब दूसरे पक्ष का सहयोग करती नजर आ रही है। जिसके चलते इस मामले में छह दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।ज्ञापन में ब्राह्मण समाज के लोगो ने बालिका को 24 घंटे के भीतर बरामद कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किए जाने की मांग की है तथा 24 घंटे में बालिका को न ढूंढे जाने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन लेने के दौरान एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने इस मामले में जल्द कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन सौपने के दौरान बडी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।



### मीणा समाज ने मनाई मीनेष जयंती,समाज की प्रतिभाओ को सम्मानित किया

# समाज को शिक्षित और संस्कारी बनाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हमारा समाज तब तरक्की की ओर अग्रसर होगा,जब हम संकल्प लेकर हम समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे नशे की लत, संबंध विच्छेद, मृत्युभोज, शादियों में डीजे का शोर और प्री-वेडिंग शूट जैसे अनावश्यक खर्चों को रोकेंगे। वर्तमान में हमे फिजूल खर्चे को रोककर समाज को शिक्षित और संस्कारी बनाने की जरूरत है।

यह बात शनिवार को सलापुरा स्थित मीणा समाज छात्रावास पर मीणा समाज श्योपुर द्वारा मनाए गए मीनेष जंयती समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कही। मीणा समाज श्योपुर के अध्यक्ष हंसराज मीणा की अध्यक्षता में आयोजित इस जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्योपुर विधायक बाबू जण्डेल, राजस्थान से आए युवा नेता मनोज मीणा, रामलखन हिरनीखेडा, रामलखन मीणा बछेरी आदि मौजूद थे। इस समारोह के समाज की उन प्रतिभाओ को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया, जिन्होंने अपने निस्वार्थ कर्मों से समाज को नई दिशा और मानवता को 'नई उड़ान' दी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाजीय लोगो ने समाज की कुरूतियां को दूर करने के साथही समाज की एकता को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम मूंडला ने किया। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मण मीणा, महावीर सिंह मीणा समेत बडी संख्या में मीणा समाज के लोग मौजूद थे।



# 4 बसों को हरी झंडी दिखाकर शिवपुरी में होने वाले स्वास्थ्य शिविर में रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिवपुरी में आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य मिशन के लिए आज ब्लॉक शाढ़ौरा से मानव सेवा का एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में 200 से अधिक मरीजों को लेकर 4 बसों को हरी झंडी दिखाकर शिवपुरी के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूर्व विधायक जजपाल सिंह, बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत, सुधीर रघुवंशी बीजेपी जिला उपाध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, बीपीएम गणेश बहरे एवं बीसीएम संजीव रघुवंशी सहित संपूर्ण स्वास्थ्य टीम ने बसों को रवाना किया। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य शिवपुरी में आयोजित विशाल हेल्थ कैंप में अधिक से अधिक मरीजों को पहुंचाकर उनका विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परीक्षण कराना एवं आगे की आवश्यक उपचार प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से अलग-अलग स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर मरीजों का चयन (स्क्रीनिंग) किया गया था।

अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, नगर निगम एवं नगर पालिका ने समन्वय बनाकर सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने मरीजों को फल, चाय एवं नाश्ता वितरित कर आत्मीयता के साथ विदा किया।




### श्वेता भोपाली बनी महिला जैन मिलन की अध्यक्ष

**अशोकनगर।** महिला जैन मिलन के सत्र 2026-27 के लिये श्वेता जैन भोपाली को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष प्रीति पाली एवं मंत्री आशी जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को जैन भवन में आयोजित सभा का प्रारम्भ महावीर प्रार्थना से हुआ। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर सुभाष जैन कैंची, संयुक्त मंत्री महेंद्र जैन कडेसरा एवं क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष निर्मल जैन मिर्ची की उपस्थिति में सम्पन्न निर्वाचन प्रक्रिया में सत्र 2026-27 के लिए श्वेता जैन भोपाली को महिला जैन मिलन का सर्वसम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया। सभा में उपस्थित सदस्य ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में संस्था निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगी । आप एवं आपके द्वारा गठित ऊर्जावान टीम महिला जैन मिलन को नई ऊंचाईयां प्रदान करेंगी।

# चंबल नहर में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर थाना क्षेत्र के ग्राम हांसिलपुर निवासी एक युवक की मौत बीती शाम को चंबल नहर में डूबने के कारण हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ढोढर थाना पुलिस ने बताया कि चंबल नहर में डूबने से मृत हुआ युवक पवन 22 वर्ष पुत्र पृथ्वी रावत निवासी हांसिलपुर को मिर्गी का दौरा पडता था। शुक्रवार को जब वह नहर के रास्ते कहीं जा रहा था,तभी उसे अचानक मिर्गी का दौरा पड गया और वह चंबल नहर में गिर गया। जब तक आसपास के लोगो को उसके नहर में गिरने का पता चला और वे दौडकर उसे नहर से निकालते उसके पहले उसकी मौत हो गई। हालांकि युवक को नहर से निकालकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया,मगर वहां डॉक्टरों ने .चैकअप के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### वीरपुर में युवा संगम रोजगार मेला 25 को

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन सीएलएफ कार्यालय पंचायत भवन के पास वीरपुर में 25 मार्च को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार कार्यालय एवं एनआरएलएम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्समैन, ऑफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 5वी से स्नातकोत्तर तक हो वे इस युवा संगम रोजगार मेले में उपस्थित होकर अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुआ विवाद महिलाओं के बीच घूसे और चप्पल चली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर की पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में बीती शाम को एक ही परिवार की महिलाएं और युवतियां पुरानी रंजिश को लेकर आपस में भिड गई। इस दौरान दोनों तरफ से थापघूसे और चप्पले चल गई। विवाद में मां बेटी समेत तीन लोग जख्मी हो गए। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर आपस में विवाद करने वाले दोनों पक्ष के लोग एक ही परिवार के लोग है। इस विवाद में एक तरफ से ताई रेखा गोयल और उसकी बेटी सोमी गोयल चोटिल हो गई। वहीं दूसरी तरफ से भतीजी अक्षरा गोयल घायल हो गई। तीनो घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इस मामले में अक्षरा गोयल पुत्री सतीश गोयल की रिपोर्ट पर रेखा गोयल,सोमी गोयल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ से रेखा गोयल पत्नी श्यामबिहारी गोयल की रिपोर्ट पर आकाक्षी गोयल,अक्षरा गोयल के खिलाफ मारपीट की धाराओ में मामला दर्ज कर लिया है।

# शक्तिदल ने मनाया नववर्ष आयोजित किया सहभोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हिंदूवादी संगठन शक्तिदल ने नववर्ष मनाते हुए एक संगोष्ठी आयोजित की। संगोष्टी को संबोधित करते हुए शक्तिदल दल संस्थापक श्याम सिंह मीणा, भूपेंद्र गौड़, रामकरण मीणा देवेंद्र शर्मा, मांगीलाल सुमन, हनुमान मीणा रक्तदाता आदि वक्ताओं ने अपने हिंदू नव वर्ष को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन प्रीतम सिंह मीणा और आभार जुगल जांगिड़ द्वारा किया गया। संगोष्टि के उपरांत शक्तिदल ने सामाजिक समरसता लाने के लिए एक सामूहिक भोज का आयोजन भी किया। जिसमें सभी जाति समाज और वर्ग के लोगो ने एक पंगत बैठकर भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में नीरज गौड़, विष्णु राठौर, बृजेश बाथम, रघु बाथम, हेमंत गौड़,राम मिलन मीणा, सोनू यादव, हनुमान पांचाल, बलराम राठोर, लोकेंद्र वैष्णव ,नरेंद्र जांगिड़ ,सुनील गुर्जर ,राहुल गॉड, सत्यनारायण गोड, हरि ओम शिवहरे ओम प्रकाश शिवहरे,रामराज राठोर, बंटी वैष्णव, गोलू राठोर कपिल राठौड़, अजय पांचाल, अजय गौड़, केशव शर्मा, जगत सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे



### ईदगाह सहित 8 मस्जिदों में पढ़ी ईद की नमाज, गले लग मुबारकबाद दी

# दरबार ए इलाही में नतमस्तक हुए रोज़ादार हर्षोल्लास से ईद-उल-फितर मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रमजान माह के 30 रोजे पूरे होने की खुशी रोज़ादारों ने शनिवार को ईदुल फितर के रूप में मनाई। इस दौरान ईदगाह सहित शहर की 8 मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। ईद का मुख्य समारोह ईदगाह में आयोजित हुआ जहां शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लग कर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने ईदगाह पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद-उल-फितर का त्यौहार शनिवार को मुस्लिम समाज ने उमंग, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया। ईदगाह में हजारों मुस्लिमों ने एक साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। नमाज अदा होने के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारवाद दी। ईदगाह सहित शहर की 8 मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईदगाह में शहर काजी अतीक उल्ला कुरैशी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद दुआएं खैर की गई, जिसमें विश्व शांति एवं भाईचारे व अमन कायम रखने की दुआ मांगी। ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद सब्जी मंडी, मस्जिद कुमेदान व किला स्थित मस्जिद खान सैय्यद, बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद, बस स्टैंड के पीछे वाली मसज़िद, किला स्थित नारनोल मस्जिद में भी ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज को ईद की शुभकामनाएं देने ईदगाह पहुंचे। जिला मुख्यालय के अलावा बड़ौदा, विजयपुर, कराहल, वीरपुर, ढोढर, मानपुर, कुंहाजापुर, ज्वालापुर, कनापुर, आदि क्षेत्रों में भी ईद-उल-फितर का त्यौहार साम्प्रदायिक सद्भाव एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में मुस्लिम भाइयों ने ईद-उल-फितर की विशेष नमाज अदा की।



**पुलिस के रहे चाक चौबंद इंतजाम**

ईदगाह सहित जिन मस्जिदों पर नमाज होनी थी वहां पुलिस प्रशासन ने रात में ही पहुंच कर डेरा डाल दिया था सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से दिनभर पुलिस के जवान नमाज होने वाली मस्जिदों के बाहर तो डटे रहे। पुलिस के जवान शहर के चप्पे चप्पे पर तैनात रहे।हालांकि श्योपुर जिले में हर त्यौहार शांतिपूर्वक और सद्भाव के साथ मनाया जाता है लेकिन पुलिस प्रशासन इस दौरान अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहता यही देखने को शनिवार को भी मिला जहां एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही।



**श्योपुर में कांग्रेस और विजयपुर में भाजपा नेताओं दी मुबारकबाद**

ईद के अवसर पर जनप्रतिनिधियों व राजनेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल चौहान, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद दी। उधर विजयपुर में भाजपा नेताओं में भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज को ईद की शुभकामनाएं दी जिनमें पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के प्रतिनिधि के रूप में उनके पुत्र अनिरुद्ध रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष परीक्षित धाकड़ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय सोनी उर्फ गुटई आदि ने ईदगाह पहुंच कर ईद की मुबारकबाद दी।

# चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना पंडित किशन लाल के सानिध्य में की गई। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरानी के अवसर पर मार्कंडेय पुराण के अनुसार मां दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या भी है जो तप का आचरण करने वाली है। मां दुर्गा जी का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप त्याग वैराग सदाचार संयम की वृद्धि होती है। इस दिन साधक का मन स्वादिष्ठान चक्र में स्थित होता है। दुर्गा सप्तशती पाठ के अनुसार उन्होंने बताया कि आज ब्रह्मचारिणी देवी की पांच उपचार से पूजन की गई जिसमें दो कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया एवं उनको देवी स्वरूप मानकर फल मेंबा वा मिठाई देते हुए चुनरी भेट की गई देवी भागवत के अनुसार कहा जाता है कि जो नवरात्रि में कन्याओं का पूजन करते हैं उनका देवता भी सम्मान करते हैं। इस लोक में सुख की प्राप्ति होती है मन को शांति मिलती है।



ब्रह्मचारिणी का अर्थ यह भी है सत्य और धर्म का आचरण करने वाली जो व्यक्ति नारी जाती का अपमान करते हैं अथवा इनको कुदृष्टि से देखते हैं उनको ब्रह्मचारिणी माता आवश्यक दंड देती है। यह ब्रह्मचारिणी की पूजा का फल है आज कन्या पूजन का सौभाग्य महेंद्र शर्मा को प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र की पुलिस ने नई मंडी के पास निवासी मिथुन प्रजापति से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात पुलिस ने बनहाई निवासी मुकेश कुशवा के पास से 5 लीटर और मोहन सिंह कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत वंदना लोधी पुत्री महाराज सिंह लोधी उम्र 18 साल निवासी मातामढ़ मोहल्ला चंदेरी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जुआ के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले की पिपरई पुलिस ने जुआ के अडडे पर छापामार कार्यवाही कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह जुए का अड्डा भरका नदी के पास झारियों में चलाया जा रहा था। पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए मनोहर सिंह लोधी सुखचंद अहिरवार, बल्लू नाटिया और आविद खान को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने तास की गडडी और 6300 रूपए बरामद किए हैं।

### मर्ग की जांच में युवक की मौत, सल्फास खाने से होना पाई

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत विपिल पुत्र बुन्देल सिंह रघुवंशी उम्र 19 साल निवासी पनउआ को जिला अस्पताल में 11 मार्च को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के चलते उसकी मौत हो गई थी, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की जांच प्रधान आरक्षक शिवराजसिंह द्वारा की गई थी जिसमें युवक की मौत सल्फास खाने से होना पाई गई।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोती मोहल्ला निवासी आयुष दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्द्रभान सिंह सेन और दो अन्य लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गणेश मोहल्ला निवासी सरस्वती बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू पिरहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानौन निवासी गायत्री बाई शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोबरन सिंह, बलवंत सिंह, रविन्द, कैरा बाई, सेबू वुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूरेल निवासी इमरत सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन, कैर सिंह, श्यामलाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी कैलाश खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण और पप्पू रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौलतपुर निवासी अनंक लौधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वृंदावन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### झूला से गिरकर दस वर्षीय बालक घायल

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बेलई निवासी 10 वर्षीय आदिवासी किशोर दिनेश पुत्र गोविंद सिंह आदिवासी उस समय गंभीर रूप से घायल हो गया जब वह अपने घर के आंगन में मां की साड़ी से झूला बनाकर झूल रहा था तभी साड़ी फटने से बालक झूले से फर्श पर गिर गया जिससे बालक को गंभीर चोटे आई हैं। उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया।



---

बीती रात बादलों की तेज गर्जना के साथ वर्षा हुई, दोपहर में चलीं हवा

# बारिश के साथ कई स्थानों पर ओले गिरे, किसानों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर









जब किसानों की फसल कटकर तैयार हो रही है या खलियानों में कटी हुई फसल रखी है तभी मौसम ने करवट बदली है। बीती रात तेज गर्जना के साथ वर्षा हुई इस दौरान 2 मिलीमीटर अशोकनगर में और 1 मिलीमीटर मुंगावली में वर्षा दर्ज की गई है। शुक्रवार को शाम 4 बजे फिर मौसम तेज हवाओं के साथ करवट लेते हुए नजर आया, काले बादल आकाश पर छाए और कईं जगह बारिस के साथ ओले भी गिरे हालांकि ओलों का आकार कहीं बेर का तो कही चने के आकार के हैं। मार्च का महीना हर वर्ष किसानो के लिए चिंतित करने वाला होता है, यह महीना हर वर्ष बारिस, आंधी और ओलों को लेकर आता है जब किसानो को पानी की जरूरत होती है तब वर्षा नहीं होती है और जब पानी की जरूरत नहीं होती तब बारिस होने लगती है, इस समय अशोकनगर जिले के खेतों में किसानों की फसलें पककर कटने की स्थिति में खडीं हैं जिसमें धना और गेहूं की फसलें हैं कही जगह गेहूं की फसल पककर तैयार हैं, कई खेतों में किसानों ने कटी हुई फसल को खलियान में रखा है। यह फसल खलियान से तैयार होकर मण्डी में पहुंचना है लेकिन उसके पहले ही मौसम बदल गया है, बदले हुए मौसम ने किसानों को चितिंत कर रखा है।

इस बदले हुए मौसम के दौरान बीती रात जिले का मौसम बादलों की गर्जना और पानी के साथ शुरू हुआ जिसके कारण मौसम पूरी तरह ठण्डा हो गया है एक दिन पहले तक लोग गर्मी से परेशान थे, अब लोगों को पंखों को बंद करना पड़ा है। शुक्रवार की दोपहर में पूरे दिन बादलों का आना जाना चलता रहा, लेकिन शाम के 4 बजते ही तेज हवा और आंधी चलते हुए देखी गई, देखते ही देखते बूंदा बांदी भी हुई लेकिन कईं ग्रामीण अंचलों में बारिस भी हुई और ओले भी गिरे जिनें राजपुर क्षेत्र के कईं ग्राम और रेपरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्रामों में यह ओले गिरे हैं हालांकि ओलों का आकार छोटा है। लेकिन इस बदले हुए मौसम को देखते हुए लगता है कि अगर बादल नहीं छटे और मौसम नहीं बदला तो इस बे मौसम बर्षा किसानों का नुकसान कर सकती है।

अशोकनगर कृषि प्रधान जिला है यहां खेती ही सब कुछ है, यहां के किसान और उनके पुत्र खेती को ही बड़े व्यवसाय के रूप में कर रहे हैं, अगर खेती अच्छी है तो सब कुछ अच्छा है, खेती यहां के व्यापार की दिशा तय करती है। यहां के मंडी में बड़े पैमाने पर फसलें भी अभी आ रही हैं जो फसले अभी तैयार नहीं हुए हैं या देर से बोवनी हुई थी उन फसलों में अभी समय लग रहा है। यहां की सबसे बड़ी फसलों में गेहूं की पैदावार सबसे बड़े पैमाने पर होती है, गेहूं यहां की मुख्य फसल है। कईं इलाकों में आज भी गेहूं की या तो फसल कट गई है या फिर अधपकी फसल है या फिर फसल पूरी तरह पककर कटने का इंतजार कर रही है, 15 अप्रैल तक यहां के किसान खेतों से फ्री हो सकेंगें।

### बे-मौसम बारिश से किसान परेशान, फसलों को भारी नुकसान

पिपरई प्रतिनिधि के अनुसार अचानक बदले मौसम और बे मौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी तथा कटाई के लिए तैयार फसलें खराब हो रही हैं। बताया जा रहा है कि गेहूं, सरसों, चना और धनिया की फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। खेतों में पानी भरने और तेज हवाओं के कारण फसल गिरने से उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई है। कई इलाकों में बारिश से तैयार फसल को सीधा नुकसान हुआ है, जिससे किसानों को घाटा उठाना पड़ेगा। मौसम विभाग ने भी चेतावनी जारी की है कि आने वाले दिनों में कई राज्यों में तेज बारिश और तूफान का असर जारी रह सकता है, जिससे कृषि कार्य और अधिक प्रभावित हो सकते हैं। देखना जरूरी है कि किसानों की मुख्य समस्याएं है जिनमें खड़ी फसल का गिरना और सड़ना,कटाई के समय बारिश से नुकसान, उत्पादन में कमी और आर्थिक संकट, मंडियों में फसल खराब होने से से सही दाम न मिलना जैसी अनेक समस्याएं किसानों को हो सकती हैं।

---

# प्लॉट पर अवैध कब्जा व निर्माण करने पर मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



हिस्ट्रीशीटर आरोपियों द्वारा प्लॉट पर अवैध कब्जा व निर्माण करने पर मामला दर्ज किए जाने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है।

थाना कोतवाली अशोकनगर में 17 मार्च को फरियादी सतीश लोधी पिता चिंटू लाल लोधी, निवासी पटेल पार्क द्वारा एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें लेख किया है कि सुशील श्रीवास्तव एवं अरविंद श्रीवास्तव द्वारा फरियादी के निजी प्लॉट पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही, आरोपी सुशील श्रीवास्तव की पत्नी द्वारा फरियादी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज करना भी बताया गया।

उक्त शिकायत पर संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली द्वारा आरोपीगण सुशील श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव एवं सुशील श्रीवास्तव की पत्नी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(3), 351(2), 3(5) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण दर्ज होने के पश्चात से ही आरोपीगण फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आरोपी सुशील श्रीवास्तव एवं अरविंद श्रीवास्तव थाना कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व से ही अनेक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान यह भी तथ्य प्रकाश में आए हैं कि आरोपियों द्वारा अन्य व्यक्तियों की जमीन/प्लॉट पर भी अवैध कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस संबंध में क्षेत्र में मुनादी कराकर आमजन को सूचित किया गया है कि यदि किसी भी व्यक्ति की भूमि/प्लॉट पर उक्त आरोपियों द्वारा अवैध कब्जा किया गया हो, तो तत्काल थाना कोतवाली पुलिस को सूचित करें, जिससे आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

### मजदूरों को मांस मदिरा सेवन न करने के लिए मुनिश्री ने किया प्रेरित




**अशोकनगर।** मनकपुर स्थित एक शॉर्टेक्स प्लांट पर मुनिश्री का रात्रि विश्राम है। इससे पहले वहां पहुंचकर सोरटेक्स में काम कर रहे मजदूरों को मुनिश्री ने मांस मदिरा का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। इस पर मजदूरों ने सहमति जताकर मुनि श्री को वचन दिया कि हम मांस मदिरा का सेवन नहीं करेंगे और 2 प्रतिदिन के हिसाब से गौशालाओं में दान करेंगे। यहां गौरतलब बात यह वह मुनि श्री है जिनकी प्रेरणा से दया भावना फाउंडेशन एवं श्री राम पक्षी उपचार अस्पताल अशोकनगर में संचालित हो रही जिसके संयोजक सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल है।

---

# सांस्कृतिक उत्सव में प्रथम नागरिक की अनदेखी संवैधानिक मर्यादा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




चंदेरी नगर में पिछले दिनों मेला ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अपनी भव्यता से अधिक अब प्रशासनिक चूक और प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर चर्चाओं में है। नगर के प्रथम नागरिक यानी नगर पालिका अध्यक्ष दशरथ उर्फ संतोष कोली की इस कार्यक्रम में अनदेखी ने न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि स्थानीय जनता के जनादेश का भी अपमान किया है।

सरकारी नियमों के अनुसार, किसी भी स्थानीय निकाय में होने वाले राजकीय आयोजन में उस क्षेत्र के अध्यक्ष को आमंत्रित करना और निमंत्रण पत्र पर उनका नाम सम्मानजनक स्थान पर होना अनिवार्य है। पर्यटन विभाग द्वारा इस नियम की अनदेखी करना गहरी लापरवाही को दर्शाता है।

सार्वजनिक धन का निजी उपयोग?
यह कार्यक्रम जनता के टैक्स के पैसे से आयोजित था। निमंत्रण पत्र पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम का अभाव जनता के बीच यह संदेश दे रहा है कि विभाग इसे एक व्यक्तिगत आयोजन के रूप में पेश करना चाहता था। नगर पालिका अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक पद है। इस पद की उपेक्षा करना उस पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अनादर है जिसके तहत जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना है। चैक-चैराहों पर चर्चा है कि क्या यह आयोजन उन लोगों ने अपनी जेब से कराया है जिनका नाम कार्ड पर दर्ज है? जनता की यह तीखी प्रतिक्रिया विभाग की कार्यशैली पर एक बड़ा कटाक्ष है।

श्रेय की राजनीति और प्रशासनिक तालमेल का अभाव
चंदेरी जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक वैभव वाले नगर में ऐसे विवाद कार्यक्रम की गरिमा को कम करते हैं। अक्सर देखा गया है कि क्रेडिट वॉर (श्रेय लेने की होड़) के कारण विभाग और स्थानीय प्रशासन के बीच तालमेल बिगड़ जाता है। पर्यटन विभाग जैसे जिम्मेदार संस्थानों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीतिक संकीर्णता से ऊपर उठकर संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करें। दोषी कौन? क्या यह महज एक लिपिकीय त्रुटि है या जानबूझकर किया गया राजनैतिक अपमान? इस पर संबंधित अधिकारियों की चुप्पी चंदेरी की जागरूक जनता के मन में असंतोष बढ़ा रही है।

#### मुझे नहीं पता

जो कार्यक्रम का आयोजन हुआ है उसका मुझे पता नहीं है, मैं बाहर था इसलिए मैं इस कार्यक्रम के बारे में कुछ नहीं कह पा रहा हूं।

**दसरथ कोली** अध्यक्ष नगरपालिका चंदेरी

---




### किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत कृषक दल प्रशिक्षण हेतु रवाना

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आत्मा योजना के तहत 03 दिवसीय राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षण हेतु 40 कृषकों के दल को जिला कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष शीतल सत्येन्द्र कलावत द्वारा रवाना किया गया एवं कृषकों से संवाद कर उन्नत तकनीक सीखकर अपनी खेती उन्नत तकनीक से करने हेतु प्रेरित किया गया। कृषकों का यह दल मानव चेतना विकास केन्द्र संस्था इंदौर में ग्रामीण स्वावलंबन हेतु एकीकृत कृषि प्रणाली विषय पर अभय वानखेडे एवं अन्य विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। संस्था द्वारा विकसित एकीकृत कृषि प्रणाली का अवलोकन करके खेती के तरीके सीखेंगे साथ ही अनुसंधान निदेशालय सोयाबीन इंदौर में भी वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे एवं प्रक्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर अमित सिंह उपसंचालक कृषि, डॉ. वैजनाथ सिंह यादव बी.टी.एम. आत्मा, अमित रघुवंशी उपस्थित रहे।

---

आज होगा परम मुनिश्री का नगर प्रवेश

# दर्शनोदय तीर्थ थूवोन की छटा सबको अपनी ओर आकर्षित करती: मुनिश्री अविचल सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य दया भावना प्रेरक मुनि श्री अविचल सागर महाराज अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी से विहार कर दोपहर बाद अशोकनगर के लिए पद विहार कर दिया। मुनि श्री का शनिवार को थूवोनजी जी रोड नवीन वस स्टेंड से अशोकनगर में मंगल प्रवेश होगा। जहां श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई के नेतृत्व में मुनि श्री की अगवानी की जायेगी। पाश्र्वनाथ मन्दिर से जूलस के रूप में होगा प्रवेश

जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रंगार ने कहा कि मुनिश्री पाश्र्वनाथ मन्दिर से पछाडीखेडा. रोड़, ओवर ब्रिज, गांधी पार्क भगवान महावीर मार्ग होते हुए सुभाष गंज पधारेगें। जहां मुनि श्री के सान्निध्य में जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा होगी। तद उपरांत मुनि श्री के मंगल प्रवचन होंगे इसके बाद आहार चर्या होगी। शाम को जिज्ञासा समाधान के बाद आरती भक्ति व भक्तावर पाठ भक्तांवर मंडल द्वारा संगीत के साथ किया जायेगा। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया, प्रदीप तारई, राजेन्द्र अमन, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाइ, मंत्री शैलेन्द्र श्रंगार, मंत्री विजय धुर्रा, मंत्री संजीव भारिल्य, मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार, आडीटर संजय के टी, संयोजक पाश्र्वनाथ मन्दिर मनोज रन्नौद संयोजक गंज उमेश सिघई गांव मनीष सिंघ ई शान्ति नगर मन्दिर श्रेयांस घैला सहित सभी प्रमुख जनो ने सभी से निवेदन किया है कि शनिवार को सुबह थूवोनजी रोड़ स्थित नवीन वस स्टेंड पहुंच कर मुनिश्री की भव्य आगवानी करें।

#### यहां सुधासागर महाराज रहकर गए हैं...

इसके पहले थूवोनजी में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी की छटा सबको अपनी ओर आकर्षित करती है यहां की फिजा में एक अलग ही तरह की शान्ति और सुकुन है। यह अभी अभी मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज रहकर गये उनके पीछे इतना विशाल जन समूह रहता है और वे अशोकनगर छोड़ कर दर्शनोदय थूवोनजी चले आये तो कोई दम तो है इस दम को आप भी यहां रहकर महसूस कर सकते हैं ये तीर्थ क्षेत्र आनेवाले समय में सब को अपनी ओर खींचता चला जायेगा।

---

रमजान के आखिरी जुम्मे में मांगी दुआ

# खुशियां खूब मनाओ पर अपनी खुशी से दूसरे को तकलीफ न हो इसका ध्यान रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



रमजान मुबारक के आखिरी और पांचवे जुम्मे में अल्लाह से दुआ मांगते में लोगों के गले भर गए और अल्लाह से अपने रोजे ,नमाज, तरावीह ,जकात ,फ़त्रि, कुबूल करने की दुआ मांगी। साथ में अल्लाह से अमन और शांति की दुआ के लिए हाथ उठा कर दुआ मांगी।

अमन, चैन, भाईचारा का माहौल बना रहे। फिरका परस्तों का खात्मा हो। मजबूर लाचार बेसहराओं की हिफाजत फरमा बेरोजगारों को हलाल रोजी रोटी का इंतजाम करदे। अल्लाह हमे हुजूर के बताए रास्ते पर चलने बाला बना दे। अल्लाह हमारे जितने भी बुजुर्ग दीन इस दुनिया से रुखसत हो गए उनकी मगफिरत फरमा दे, देश दुनिया से दहशत गर्दी का खत्मा हो आमीन। इसके पहले जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने ईद के बारे में बिस्तर से समझाया कि ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म के सबसे प्रमुख्य त्योहारों में से एक हे यह त्यौहार रमजान के महीने के खत्म होने के बाद मनाया जाता है। इस्लामिक कलेंडर के अनुसार रमजान साल का नौवां महीना होता है इस महीने में 29 या 30 दिन तक रोजे रखे जाते हैं आखिरी रोजे के बाद चांद देखा जाता है, जैसे ही चांद नजर आता हे रमजान का महीना खत्म हो जाता है औश्र 10वे यानी शव्वाल महीने की शुरुआत होती है। महीने की पहली तारीख को ईद-उल फितर का त्यौहार मनाया जाता है।

#### ईद-उल-फितर का महत्व

ईद-उल-फितर का त्यौहार रमजान के महीने भर के कठिन रोजों के समापन का प्रतीक है। यह दिन खुशियां बांटने के लिए मनाया जाता है, इसे मीठी ईद भी कहते हैं क्योंकि इस दिन घरों में विशेष रूप से सेवइयां ओर मिठाइयां बनती हैं। इस दिन की शुरुआत सुबह की विशेष नमाज से होती है। लोग नए कपड़े पहनकर भाईचारे का संदेश देते हैं, दान पुण्य या जकात देना दिन का अहम हिस्सा है ताकि गरीब भी त्यौहार मना सकें। बच्चों के लिए यह दिन और भी खास होता है क्योंकि उन्हें बड़ों से प्यार व ईदी उपहार मिलती हैं। लोग एक दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक कहते हैं ओर खुशियां बांटते हैं। बुजुर्गों की कब्र गाह जा कर दुआ करते हैं, ईद की नमाज के बाद अपने अपने बुजुर्गों की कब्र गाह जा कर अल्लाह से उनके मगफिरत के लिए दुआ मांगते हैं और उनकी कब्रगाह पर खुशबू अगर बत्ती भी लगा कर आते हैं।

---

# बड़े ही धूमधाम से मनाया अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का 168वां बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाली अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का 168वां बलिदान दिवस शुक्रवार को अशोकनगर स्थित पटेल पार्क में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोधी समाज के लोगों सहित सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ हुई। उपस्थित समाजजनों ने उनके त्याग, बलिदान और देशभक्ति को याद करते हुए नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति एवं समाज जागरूकता का वातावरण बना रहा। उद्बोधन में वक्ताओं ने रानी अवंती बाई लोधी के जीवन संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। गुमान सिंह लोधी (शिक्षक) ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध साहसपूर्वक संघर्ष कर देश की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने युवाओं से इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

वहीं राजकुमार लोधी ने वीरांगना की वीरगाथाओं का उल्लेख करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से दहेज प्रथा और मृत्यु भोज जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब शिक्षा, समानता और सामाजिक सुधार को प्राथमिकता दी जाएगी। बेदराम लोधी ने अपने संबोधन में रानी अवंती बाई लोधी के जीवन संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और बलिदान की ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि वीरांगना का बलिदान हमें राष्ट्रप्रेम और आत्मसम्मान की भावना से जोड़ता है। कार्यक्रम में अशोक लोधी (डॉक्टर), श्रीलाल लोधी (आलोक संघ जिला अध्यक्ष), कमल लोधी, भगवती प्रसाद लोधी (एडवोकेट), सावित्री लोधी, वेदराम लोधी, डॉ. पवन लोधी, राजेश लोधी (पत्रकार), अंबरीश लोधी (एडवोकेट), रवि लोधी (ऑटो एसोसिएशन उपाध्यक्ष), रोहित लोधी, हेमंत लोधी (सरपंच कैशलोन), महाराज सिंह कैशलोन, रामकुमार लोधी (कार्यकारी जिला अध्यक्ष), सुरेंद्र लोधी (युवा जिला अध्यक्ष), प्रमेन्द्र लोधी (ठेका), बालचंद्र लोधी, सतीश लोधी, वीरेंद्र सिंह, राजू लोधी, बादाम सिंह लोधी (पूर्व तहसील अध्यक्ष सिरोंज) सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार कमल लोधी द्वारा किया गया सभी ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के आदर्शों को समाज में आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।